पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न

शहीदों के परिजनों को पर्याप्त सहायताएं दी जाएं

शहीदों के बच्चों को बालिग होने तक निरंतर सहायता दें

लाभार्थियों को एक मद में एक ही योजना के अंतर्गत लाभ देना सुनिश्चित हो

पूर्व सैनिक के 12वीं उत्तीर्ण बच्चों को एम.एस.एम.ई. के अंतर्गत प्रशिक्षण व्यवस्था हो

शहीद सैनिक की स्मृति में उसके गाँव में स्मारक बनाया जाए

पूर्व सैनिक की पुत्री के विवाह पर अनुदान राशि शुभकामना पत्र के साथ विवाह के समय ही उपलब्ध कराई जाए

जिलाधिकारी निधि की ग्राम गहरू स्थित भूमि का सीमांकन कराते हुए सभी विवादों का शीघ्र निस्तारण करें

राज्यपाल ने 15 शहीद सैनिकों की पत्नियों को पुत्री विवाह योजना के लाभ का चेक, अंगवस्त्र और साड़ी वितरण किया

लखनऊ : 05 फरवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज यहाँ राजभवन में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि प्रबन्ध समिति की 50वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति ने राज्यपाल जी से 07 मदों पर चर्चा की। चर्चा में समिति की 49वीं बैठक के निर्णयों पर अनुपालन और कार्यवृत्त, बजट की स्वीकृति पर विचार, बैलेन्स शीट अनुमोदन, नवीन योजनओं की नियमावली में संशोधन, शैक्षिक सहायता योजना में निर्धारित छात्रवृत्ति में बढ़ोत्तरी पर विचार सहित अन्य मद की चर्चाएं शामिल रही।

बैठक में अवगत कराया गया कि राज्यपाल जी के निर्देशानुसार अटारी प्रक्षेत्र कृषि विभाग के वापस किए जाने के क्रम में कृषि विभाग द्वारा प्रक्षेत्र का समग्र कब्जा प्राप्त कर लिया गया है। इसके एवज में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि को प्राप्त होने वाली 20.00 करोड़ निधि में से शासन के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग से 18.50 करोड़ उपलब्ध करा दिया गया है तथा शेष राशि 1.50 करोड़ की प्रतिपूर्ति पर कार्यवाही चल रही है।

राज्यपाल जी ने चर्चा के दौरान निर्देश दिया कि सैनिक पुनर्वास निधि शहीद सैनिक के परिजनों को पर्याप्त सहायता दे। उन्होंने कहा कि शहीद के बच्चों को बालिग होने तक निरंतर सहायता करें और नियमों के तहत हर योजना से लाभान्वित करें। उन्होंने यह भी कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित एक जैसी योजनाओं का आकलन कर लें और दो समान योजनओं में एक ही मद में एक ही योजना के अंतर्गत लाभार्थी को लाभ प्रदान करें।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने पूर्व सैनिकों के 12वीं उत्तीर्ण बच्चों को एम0एस0एम0ई0 के तहत प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था करने का भी

निर्देश दिया। उन्होंने शहीद सैनिकों के गाँव में उनका स्मारक निर्माण कराए जाने के लिए भी निर्देशित किया और कहा कि प्रत्येक विरोध और व्यवधान का निस्तारण कर शहीद के सम्मान में स्मारक का निर्माण अवश्य कराएं।

बैठक में अवगत कराया गया कि राज्यपाल जी एवं सैनिक पुनर्वास निधि की अध्यक्ष द्वारा उनके निर्देश के क्रम में विविध योजनओं में धनराशि की बढ़ोत्तरी कर दी गयी है, जिसमें अब वार्षिक शैक्षिक सहायता हेतु जुलाई 2020 से कक्षा 9–10 में बढ़ी हुई धनराशि रू0 5,000.00, कक्षा 11–12 में रू0 6,000.00, स्नातक स्तर पर रू0 7,000.00, स्नातकोत्तर स्तर पर रू0 9,000.00, इण्टरमीडिएट तकनीकी कोर्स–आई0टी0आई0 अन्य सार्टिफिकेट कोर्स में 10,000.00, स्नातक एवं स्नातकोत्तर तकनीकी कोर्स हेतु रू0 25,000.00 की सहायता प्रदत्त है। इसी क्रम में हवलदार रैंक तक पूर्व सैनिकों की विधवा पत्नियों को 01 अप्रैल, 2020 से उनकी दो पुत्रियों के विवाह हेतु प्रति पुत्री को दी जाने वाली राशि रू0 50,000.00 से बढ़ाकर रू0 1,00,000.00 कर दी गई है। राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि पुत्री के विवाह उपरांत दी जाने वाली यह सहायता राशि उसके विवाह के समय ही शुभकामना पत्र के साथ उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में निधि की ग्राम गहरू स्थित भूमि के सीमांकन और सरहदबंदी पर भी चर्चा की गई। राज्यपाल जी ने बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी लखनऊ को निर्देशित किया कि सभी विवादों का निस्तारण करते हुए यथाशीघ्र भूमि का सीमांकन कराया जाए।

बैठक में राज्यपाल जी 15 सैनिक विधवाओं को पुत्री विवाह अनुदान का एक लाख रूपये का चेक, शाल, साड़ी तथा उपहार वितरण किया।

इस अवसर पर बैठक में उ0प्र0 सैनिक पुनर्वास निधि प्रबन्ध समिति के प्रथम उपाध्यक्ष चीफ ऑफ स्टाफ मध्य कमान लखनऊ, द्वितीय उपाध्यक्ष अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल उ0प्र0, समस्त सदस्य एवं सहयोजित सदस्य, अपर मुख्य सचिव राजस्व, अपर मुख्य सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव कृषि, जिलाधिकारी लखनऊ, विधि परामर्शी श्री राज्यपाल, वित्त नियंत्रक श्री राज्यपाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संपर्क :
डा0 सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361